Title: Need to provide halts on railway line at Karota and Derhgaon in Begusarai Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बेगूसराय के अन्तर्गत पड़ने वाले गया-क्यूल रेलवे लाइन में काफी सुधार की आवश्यकता है। क्षेत्र के लोगों की लम्बे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए रेल मंत्री ने पिछले वर्ष आश्वासन दिया था कि करौता एवं डेढ़गांव इन दोनो स्थानों पर हॉल्ट का निर्माण किया जाएगा लेकिन आज तक उक्त हॉल्ट का निर्माण नहीं हो सका। मैं माननीय रेल मंत्री से निवेदन करता हूं कि करौता एवं डेढ़गांव इन दोनों स्थानों पर अविलम्ब हाल्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दें।